वर्ष :-1 अंक:-329 12, जनवरी,2026 सोमवार




अपना शहर अपना खबर

# अपना नालन्दा

नालंदा का नंबर -1 डिजिटल अखबार
www.apnanalanda.com


## जिला प्रशासन की उदासीनता से सेवानिवृत्त एनटीपीसी महाप्रबंधक न्याय को तरस रहे

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। जिले में कानून-व्यवस्था और भूमि विवादों के निपटारे की जिम्मेदारी जिन अधिकारियों पर है, उन्हीं की गलत व्याख्या और निष्क्रियता के कारण सरकारी नियम-कानूनों की खुलेआम अनदेखी हो रही है। ताजा मामला सिलाब अंचल से जुड़ा है, जहां दबंगों के सामने कानून कमजोर पड़ता दिख रहा है और एक सेवानिवृत्त एनटीपीसी महाप्रबंधक न्याय के लिए दर-दर भटकने को मजबूर हैं।

मामला सिलाब अंचल के राजस्व मौजा नानंद स्थित खाता संख्या 3, खसरा संख्या 3643 की भूमि से संबंधित है। यह भूमि बकास्त श्रेणी की है, जिसका कुल रकबा 19 डिसमिल है। जमींदार द्वारा मध्यवर्ती किसान के नाम बंदोबस्त के बाद वर्ष 1995 में यह भूमि विधिवत निबंधित वसीका के माध्यम से उमा किरण कुमारी (पति—इंजीनियर अनिल कुमार, सेवानिवृत्त महाप्रबंधक, एनटीपीसी) को प्राप्त हुई। विक्रेता से क्रेता के नाम पर जमाबंदी कायम है और नियमित रूप से राजस्व रसीद भी कट रही है।

भूमि की विधिवत मापी अंचल अमीन द्वारा कराई जा चुकी है तथा अंचल अधिकारी सिलाब स्वयं स्थल निरीक्षण कर चुके हैं। इसके बावजूद कुछ असामाजिक तत्व इस रैयती भूमि को सरकारी बताकर सात डिसमिल हिस्से पर जबरन सरकारी कार्य कराना चाहते हैं। शिकायत करने पर पीड़ित को रैयतीकरण कराने की सलाह दी गई, जो नियमों के विपरीत है।

राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार सरकार के पत्रांक 925/2014 के अनुसार जिस भूमि पर वर्षों से राजस्व रसीद कट रही हो और दखल-कब्जा स्थापित हो, उसे रैयती माना जाएगा। ऐसे में बिना वैधानिक आधार के किसी भी प्रकार का कार्य कराना कानूनन गलत है। अब देखना यह है कि



जिला प्रशासन कब हस्तक्षेप कर पीड़ित को न्याय दिलाता है।

## भीषण ठंड के कारण नालंदा में कक्षा पांच तक की पढ़ाई 13 जनवरी तक बंद

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)।जिले में लगातार पड़ रही अत्यधिक ठंड और तापमान में भारी गिरावट को देखते हुए बच्चों के स्वास्थ्य एवं जीवन पर पड़ने वाले प्रतिकूल प्रभाव की आशंका जताई गई है। इसी को ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन ने एहतियातन बड़ा निर्णय लिया है।इस संबंध में जिला दंडाधिकारी कुंदन कुमार द्वारा कार्यालय आदेश ज्ञापांक-48, दिनांक 08.01.2026 के क्रम में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा-163 के अंतर्गत नालंदा जिले के सभी सरकारी एवं निजी विद्यालयों में कक्षा 05 तक की शैक्षणिक गतिविधियों पर 13 जनवरी 2026 तक पूर्ण प्रतिबंध लगाया गया है। इस आदेश में प्री-स्कूल, आंगनबाड़ी केंद्र एवं सभी कोचिंग संस्थान भी शामिल हैं।जारी आदेश के अनुसार कक्षा 06 एवं उससे ऊपर की कक्षाओं की पढ़ाई पूर्वाह्न 10:30 बजे से अपराह्न 03:00 बजे के बीच ही संचालित की जाएगी।

## नालंदा में मनरेगा बचाओ संग्राम उपवास, कांग्रेस ने शास्त्री जी को श्रद्धांजलि दी




अखिलेंद्र कुमार,बिहारशरीफ (अपना नालंदा)।अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर रविवार को "मनरेगा बचाओ संग्राम" कार्यक्रम के तहत एकदिवसीय जिला स्तरीय उपवास का आयोजन किया गया। यह उपवास नालंदा जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा बिहारशरीफ के गांधी मैदान स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा के समक्ष संपन्न हुआ। कार्यक्रम का नेतृत्व नालंदा जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नरेश प्रसाद अकेला ने किया।

उपवास कार्यक्रम के दौरान कांग्रेस नेताओं ने केंद्र सरकार पर मनरेगा को कमजोर करने का आरोप लगाते हुए कहा कि यह योजना ग्रामीण गरीबों और मजदूरों के लिए जीवनरेखा है। कांग्रेस नेताओं ने मनरेगा में पर्याप्त बजट आवंटन, समय पर मजदूरी भुगतान और श्रमिकों के अधिकारों की रक्षा की मांग की। वक्ताओं ने कहा कि जब तक सरकार मजदूर विरोधी नीतियों को वापस नहीं लेती, तब तक कांग्रेस संघर्ष जारी रखेगी।

इस उपवास कार्यक्रम में प्रो. बच्चन पांडेय, फरहत जबीब, सरफराज मलिक, रमेश पासवान, निर्पेंद्र कुमार सिंह, ओंकार शास्त्रीरानी पासवान, नवीन कुमार सिंह, डॉ. अवधेश प्रसाद, अनिल कुमार चंद्रवंशी, धनंजय पटेल, इम्तियाज आलम, हरिहर प्रसाद, ताराचंद मेहता, रणजीत सिंह, सुरेंद्र पासवान, संतु कुमार, रोहित रंजन, अमित कुमार, नासिर टीपू रहमान, श्रीकांत प्रसाद, संजय कुमार सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

इसी दिन नालंदा जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा भारत के द्वितीय प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की पुण्यतिथि भी श्रद्धापूर्वक मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता नरेश प्रसाद अकेला ने की। इस अवसर पर कांग्रेस नेताओं ने शास्त्री जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया और उनके सादगी, सत्यनिष्ठा व राष्ट्रसेवा के आदर्शों को याद किया। पुण्यतिथि कार्यक्रम में फरहत जमी, इम्तियाज आलम, डॉ. अवधेश प्रसाद, अनिल कुमार चंद्रवंशी, ओंकार शास्त्री, धनंजय पटेल, नवीन कुमार, रमेश प्रसाद, रमेश पासवान, रंजीत कुमार, राहुल रंजन और किरानी पासवान सहित कई कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## इस्लामपुर में अवैध मिनी गन फैक्ट्री का भंडाफोड़, तीन गिरफ्तार, मुख्य आरोपी फरार



मोहम्मद जियाउद्दीन ,इस्लामपुर (अपना नालंदा)।इस्लामपुर थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर एसटीएफ के सहयोग से बड़ी कार्रवाई करते हुए थाना क्षेत्र के आत्मा मठ पर गांव में संचालित अवैध मिनी गन फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया है। इस कार्रवाई में भारी मात्रा में अवैध रूप से आग्नेयास्त्र बनाने के उपकरण और निर्मित हथियार बरामद किए गए हैं। पुलिस ने मौके से तीन अपराधियों को गिरफ्तार किया है, जबकि मुख्य आरोपी विमल राम फरार हो गया।

इस संबंध में हिलसा अनुमंडल के डीएसपी कुमार ऋषि राज ने इस्लामपुर थाना परिसर में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि आत्मा मठ पर गांव निवासी विमल राम अपने घर में अवैध रूप से मिनी गन फैक्ट्री चलाकर हथियारों का निर्माण कर रहा है और उन्हें बाजार में बेचता है।

सूचना के सत्यापन के बाद इस्लामपुर थाना पुलिस ने एसटीएफ के सहयोग से आत्मा मठ पर गांव में स्वर्गीय अर्जुन राम के पुत्र विमल राम के घर छापेमारी की। छापेमारी के दौरान घर के पीछे स्थित एक झोपड़ी से अवैध हथियार बनाने के उपकरण एवं निर्मित आग्नेयास्त्र बरामद किए गए। पुलिस की कार्रवाई के दौरान विमल राम मौके से फरार हो गया।

डीएसपी ने बताया कि छापेमारी में बरामद सामानों में दो देशी कट्टा, एक अर्धनिर्मित देशी कट्टा, तीन लोहे का बैरल, दो खाली खोखा, दस किलो के दो लोहे के बटखारे, ड्रिल मशीन, दो इलेक्ट्रिक ग्राइंडर मशीन, लोहे की दो बेस मशीन, हैंड ब्लोअर, 22 लोहे की रेती, तीन ब्लेड फ्रेम, छोटे-बड़े कुल पांच हथौड़े, 24 हेक्सा ब्लेड बॉक्स, 11 लोहे की छेनी, चार सरसी, हथियार पजाने वाला पत्थर एवं फार्मा, दो लोहे के ट्रिगर गार्ड शामिल हैं। इसके अलावा तीन मोबाइल फोन भी बरामद किए गए हैं।

पुलिस ने इस मामले में तीन अपराधियों को गिरफ्तार किया है, जिनकी पहचान चिकसौरा थाना क्षेत्र के मिर्जापुर गांव निवासी स्वर्गीय छोटन राम के पुत्र महेंद्र प्रसाद, चिकसौरा बाजार निवासी स्वर्गीय बुंदेल विश्वकर्मा के पुत्र संतोष विश्वकर्मा तथा चिकसौरा थाना क्षेत्र के मराची गांव निवासी स्वर्गीय रामाशीष साव के पुत्र जय वर्मा के रूप में की गई है।

डीएसपी कुमार ऋषि राज ने बताया कि गिरफ्तार तीनों आरोपियों का लंबा आपराधिक इतिहास रहा है। संतोष विश्वकर्मा और महेंद्र प्रसाद पूर्व में कई बार जेल जा चुके हैं। संतोष विश्वकर्मा पर चिकसौरा थाना कांड संख्या 18/21 एवं 134/22 के अलावा हिलसा और धनरूआ थानों में आर्म्स एक्ट के तहत मामले दर्ज हैं। वहीं महेंद्र प्रसाद पर भी चिकसौरा और हिलसा थाना में आर्म्स एक्ट के मामले दर्ज हैं।फरार आरोपी विमल राम की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है।इस छापेमारी अभियान में एसटीएफ के साथ-साथ इस्लामपुर थाना के अपर थानाध्यक्ष सह पु०अनि रामकुमार पाल, पु०अनि मनोज कुमार सिंह, काजल कुमारी, अरुण कुमार यादव, पूजा कुमारी सहित कई पुलिसकर्मी शामिल थे।

# बिहार पीड़ित प्रतिकर योजना पर नालंदा कॉलेज में छात्राओं हेतु संगोष्ठी आयोजित




संजय कुमार,बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। बिहार पीड़ित प्रतिकर योजना-2014 को लेकर एक जागरूकता संगोष्ठी का आयोजन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा नालंदा कॉलेज गर्ल्स हॉस्टल, बिहारशरीफ में किया गया। संगोष्ठी का उद्देश्य छात्राओं को अपराध पीड़ितों के अधिकारों तथा राज्य सरकार द्वारा संचालित प्रतिकर योजना की जानकारी देना था।

कार्यक्रम का संचालन अधिवक्ता जया वर्मा एवं अधिवक्ता मंजू द्वारा किया गया। संगोष्ठी का आयोजन नालंदा कॉलेज की प्रधानाचार्या प्रो. सुनीता सिन्हा एवं हॉस्टल वार्डन डॉ. संगीता कुमारी के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। इस अवसर पर प्रधानाचार्या प्रो. सुनीता सिन्हा ने अपने प्रेरणादायक संबोधन में कहा कि छात्राओं को अपने विधिक अधिकारों के प्रति सजग और जागरूक रहना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने बिहार पीड़ित प्रतिकर योजना-2014 जैसी कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी को समाज के लिए उपयोगी बताते हुए छात्राओं को आत्मनिर्भर, आत्मविश्वासी और जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया।

संगोष्ठी के दौरान योजना के उद्देश्य, लाभ, पात्रता मानदंड एवं आवेदन प्रक्रिया पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। अधिवक्ताओं ने सरल भाषा और व्यावहारिक उदाहरणों के माध्यम से यह समझाया कि अपराध के पीड़ित किस प्रकार विधिक सहायता प्राप्त कर सकते हैं तथा राज्य सरकार से आर्थिक प्रतिकर का लाभ उठा सकते हैं। साथ ही, विधिक सेवा प्राधिकरण की भूमिका और पीड़ितों को न्याय दिलाने की प्रक्रिया की भी जानकारी दी गई।

कार्यक्रम के अंत में छात्राओं ने संगोष्ठी को अत्यंत उपयोगी और ज्ञानवर्धक बताया। उन्होंने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम विधिक जागरूकता बढ़ाने के साथ-साथ समाज में पीड़ितों के अधिकारों को समझने में सहायक सिद्ध होते हैं। कुल मिलाकर यह संगोष्ठी छात्राओं को विधिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में एक सफल पहल रही।

# हरनौत में धूमधाम से मनाई जाएगी दानवीर शिक्षाविद सर गणेश दत्त की जयंती






हरनौत (अपना नालंदा)।स्थानीय प्रखंड के प्लस टू उच्च विद्यालय, गोनावां-पोआरी के प्रांगण में 13 जनवरी को महान दानवीर एवं शिक्षाविद सर गणेश दत्त की 159वीं जयंती समारोहपूर्वक मनाई जाएगी। जयंती समारोह को भव्य एवं ऐतिहासिक बनाने को लेकर आयोजित बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया।

बैठक की अध्यक्षता बिहार मगही अकादमी के पूर्व अध्यक्ष एवं जयंती समारोह समिति के अध्यक्ष उदयशंकर शर्मा उर्फ कवि जी ने की। उन्होंने बताया कि समारोह में बिहार के उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, परिवहन सह ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार, सांसद कौशलेन्द्र कुमार, विधायक हरीनारायण सिंह, एमएलसी ई. सच्चिदानंद राय, एमएलसी नीरज कुमार, एमएलसी सर्वेश कुमार, राज्यसभा सदस्य खिरू महतो सहित कई जनप्रतिनिधियों ने अपनी उपस्थिति की सहमति दी है। इसके अलावा केके विश्वविद्यालय के संस्थापक डॉ. रबी चौधरी, पूर्व विधायक इंजीनियर सुनील, विधायक डॉ. कु. पुष्पांजय एवं विधायक डॉ. सियाराम सिंह के भी शामिल होने की संभावना है।बैठक में राजीव रंजन सिन्हा, डॉ. सुधांशु, प्रो. रामनंदन सिंह, मृत्युंजय कुमार, रामबहादुर सिंह, सुनील सिंह, पुरुषोत्तम कुमार एवं भोला राम सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।अध्यक्ष उदयशंकर शर्मा ने बताया कि इस समारोह का मुख्य उद्देश्य सर गणेश दत्त के शिक्षा और समाजसेवा के अतुलनीय योगदान को स्मरण करना और नई पीढ़ी को उनके आदर्शों से प्रेरित करना है।






# सरस्वती पूजा शांतिपूर्ण संपन्न कराने को थरथरी थाना में प्रशासनिक बैठक आयोजित



थरथरी (अपना नालंदा)।सरस्वती पूजा को विधिवत, शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर थरथरी थाना परिसर में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता थानाध्यक्ष संजय कुमार ने की। इसमें प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न पंचायतों के मुखिया, समाजसेवी तथा डीजे संचालक शामिल हुए।

बैठक को संबोधित करते हुए थानाध्यक्ष संजय कुमार ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि सरस्वती पूजा के दौरान डीजे के प्रयोग पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध रहेगा। यदि कहीं से भी डीजे बजाने की सूचना प्राप्त होती है, तो संबंधित डीजे संचालकों के विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि पूजा के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है और प्रशासनिक निर्देशों का सख्ती से पालन किया जाना चाहिए।थानाध्यक्ष ने बताया कि किसी भी प्रकार केसांस्कृतिक कार्यक्रम के आयोजन के लिए पूर्व से लाइसेंस लेना अनिवार्य है। बिना अनुमति के कार्यक्रम आयोजित करने वालों पर भी विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने आमजन से अपील की कि पूजा को परंपरागत, मर्यादित एवं नियमों के अनुरूप मनाएं तथा प्रशासन को सहयोग प्रदान करें।

बैठक में उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं समाजसेवियों ने प्रशासन को पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया और क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने की प्रतिबद्धता जताई। सभी ने पूजा को सामाजिक सौहार्द और आपसी भाईचारे के साथ मनाने पर बल दिया।

इस अवसर पर मुखिया अरुण सिंह, युगेश्वर कुमार, आनंद मोहन, प्रभात शंकर, दरोगा नवीन कुमार द्विवेदी, प्रभात कुमार सहित डीजे संचालक सुदामा प्रसाद, धर्मेंद्र कुमार, विकास कुमार, शिवकुमार सिंह, जयप्रकाश शर्मा, राकेश कुमार, गोलू कुमार, प्रदीप कुमार, सौरभ कुमार, सकेश पटेल एवं अन्य लोग मौजूद थे।

बैठक के माध्यम से प्रशासन ने स्पष्ट संदेश दिया कि नियमों का उल्लंघन किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और पूजा शांति व अनुशासन के साथ ही संपन्न कराई जाएगी।

# सनबीम सेंट्रल स्कूल का 21वां वार्षिकोत्सव धूमधाम से संपन्न, बच्चों ने बिखेरी प्रतिभा



संजय कुमार,बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। शहर के कोसुक स्थित सनबीम सेंट्रल स्कूल के प्रांगण में रविवार को विद्यालय का 21वां वार्षिकोत्सव हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत केक काटने तथा छात्र-छात्राओं द्वारा पौधारोपण कर की गई, जिससे पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया गया। पूरे विद्यालय परिसर को रंग-बिरंगी झालरों से आकर्षक ढंग से सजाया गया था, जिससे उत्सव का माहौल और भी जीवंत हो उठा।इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंध निदेशक धीरज कुमार ने कहा कि वार्षिकोत्सव जैसे आयोजन बच्चों की छिपी प्रतिभाओं को निखारने का सशक्त माध्यम होते हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे मंच से बच्चों में आत्मविश्वास बढ़ता है और वे अपनी रचनात्मकता का बेहतर प्रदर्शन कर पाते हैं। कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं ने नृत्य, नाटिका, फैशन शो, गीत और संगीत की मनमोहक प्रस्तुतियों से दर्शकों का दिल जीत लिया।धीरज कुमार ने बताया कि विद्यालय के कई पूर्व छात्र देश के विभिन्न राज्यों में उच्च पदों पर कार्यरत हैं, जो विद्यालय के लिए गर्व की बात है। उन्होंने यह भी कहा कि बदलते समय और नई शिक्षा नीति के अनुरूप विद्यालय को आधुनिक शैक्षणिक सुविधाओं से सुसज्जित किया गया है। अभिभावकों के सहयोग से विद्यालय को सीबीएसई, नई दिल्ली से मान्यता प्राप्त होना उनके सपनों की साकार रूप है।

कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के शिक्षक अजीत कुमार, मनोहर कुमार, कौशल कुमार, रोहित राज, रविंद्र कुमार, आशुतोष भारती, शिवम सिन्हा, जूली कुमारी, सानिया अख्तर, शिवम राज, मदन मोहन प्रसाद, रविशंकर पटेल, नीतीश कुमार, नेहा परवीन, शविना परवीन, आरती कुमारी, सुधीर कुमार और मिथलेश कुमार सहित अन्य शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। वार्षिकोत्सव समारोह अभिभावकों और अतिथियों के लिए भी यादगार बना।






# रेड क्रॉस सोसाइटी का साप्ताहिक स्वास्थ्य जांच शिविर, 160 मरीजों का उपचार




अखिलेंद्र कुमार,बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। रविवार को भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी की जिला शाखा नालंदा द्वारा विस्तारित भवन, श्रम कल्याण केंद्र मैदान में साप्ताहिक निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य निसहाय, गरीब एवं जरूरतमंद लोगों को मुफ्त स्वास्थ्य सेवाएं एवं चिकित्सकीय परामर्श उपलब्ध कराना था।

स्वास्थ्य जांच शिविर में बिहारशरीफ के प्रख्यात चिकित्सकों ने अपनी सेवाएं प्रदान कीं। कुल 160 लाभार्थियों की जांच की गई, जिनमें शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. श्याम बिहारी द्वारा 25 लोगों की, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. अभिनव कुमार सिंह द्वारा 45 लोगों की, फिजिशियन डॉ. अखिलेश कुमार एवं डॉ. इंद्रजीत कुमार द्वारा 60 लोगों की, फिजियोथेरेपिस्ट डॉ. मोहम्मद शहजाद आलम द्वारा 20 लोगों की जांच की गई। वहीं होम्योपैथिक चिकित्सक डॉ. गौतम कुमार एवं डॉ. रितेश कुमार द्वारा 21 मरीजों का उपचार किया गया। इसके अतिरिक्त 25 लोगों की मधुमेह जांच भी की गई।

शिविर में डॉ. प्रदीप कुमार सिंह (ऑडियोलॉजिस्ट) ने भी मरीजों को आवश्यक परामर्श दिया। सभी चिकित्सकों ने मरीजों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और उचित चिकित्सा सलाह प्रदान की। जांच कराने आए लाभार्थियों ने रेड क्रॉस सोसाइटी के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे शिविर उनके लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं।

रेड क्रॉस सोसाइटी के सचिव राजेश कुमार, कोषाध्यक्ष अरविंद पंडित, कार्यकारिणी सदस्य मनोज कुमार सहित आजीवन सदस्य प्रमोद पंडित, नागेंद्र कुमार, बृज बिहारी, राकेश कुमार पंकज, प्रो. स्वधर्म कुमार, साधु शरण प्रसाद, राजीव कुमार, शंभू कुमार कश्यप, अंजना कुमारी, एएनएम मुस्कान कुमारी सहित अन्य सदस्यों ने पंजीकरण, कतार प्रबंधन एवं व्यवस्थाओं में सक्रिय भूमिका निभाई।

रेड क्रॉस सोसाइटी ने बताया कि यह साप्ताहिक निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आगे भी प्रत्येक रविवार को निरंतर जारी रहेगा।

# बिना रजिस्ट्रेशन ई-रिक्शा से हरनौत बाजार में बढ़ रहा हादसों का खतरा





हरनौत (अपना नालंदा)। स्थानीय बाजार क्षेत्र में बिना पंजीकरण और नंबर प्लेट के ई-रिक्शा (टोटो) बेखौफ सड़कों पर दौड़ रहे हैं। रांची रोड, गोनावां रोड, डाक बंगला रोड, चंडी मोड़ सहित अन्य प्रमुख इलाकों में बिना नंबर प्लेट वाले टोटो खड़े दिख जाते हैं, जहां ट्रैफिक नियमों की खुलेआम अनदेखी की जा रही है। नियमों के अनुसार बिना रजिस्ट्रेशन और नंबर प्लेट के ई-रिक्शा चलाना गैरकानूनी है, इसके बावजूद कार्रवाई का अभाव नजर आ रहा है।

चिंताजनक बात यह है कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के गृह प्रखंड में भी नियमों की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार कई ई-रिक्शा नाबालिग चला रहे हैं, जिससे दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। भीड़भाड़ वाले बाजार क्षेत्र में यह स्थिति आम लोगों की सुरक्षा केलिए गंभीर खतरा है।स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यदि परिवहन विभाग समय-समय पर विशेष अभियान चलाकर बिना नंबर प्लेट और बिना रजिस्ट्रेशन वाले वाहनों को जब्त करे तथा जुर्माने की कार्रवाई करे, तो स्थिति में सुधार संभव है। लेकिन फिलहाल निगरानी और प्रवर्तन की कमी के कारण अवैध संचालन जारी है।

इस संबंध में जिला परिवहन कार्यालय, नालंदा के प्रवर्तन अवर निरीक्षक अनुप कुमार ने बताया कि मामला उनके संज्ञान में नहीं था। उन्होंने कहा कि वरीय अधिकारियों के आदेशानुसार जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

अब देखना यह है कि संबंधित विभाग कब सख्ती दिखाता है और अवैध रूप से चल रहे ई-रिक्शा पर प्रभावी कार्रवाई कर आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित करता है।

# नालंदा विश्वविद्यालय में होगा, 8वें इंडिया थिंक टैंक फोरम का आयोजन



संजय कुमार, बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। नालंदा विश्वविद्यालय, ऑब्ज़र्वर रिसर्च फ़ाउंडेशन (ORF) के सहयोग से, 12–13 जनवरी 2026 को अपने राजगीर परिसर में इंडिया थिंक टैंक फोरम (ITTF) के 8वें संस्करण की मेजबानी करने जा रहा है.

इंडिया थिंक टैंक फोरम ORF की प्रमुख वार्षिक पहल है, जो देशभर के नीति अनुसंधान संस्थानों, शिक्षाविदों और संस्थागत नेतृत्व को एक साझा मंच पर लाती है. यह मंच नीति संवाद, अंतर-क्षेत्रीय सहयोग और विचारों के आदान-प्रदान को सशक्त करता है.ऑब्ज़र्वर रिसर्च फ़ाउंडेशन (ORF) भारत के अग्रणी सार्वजनिक नीति थिंक टैंकों में से एक है, जो अपने अनुसंधान के साथ-साथ भू-राजनीति और भू-अर्थशास्त्र पर भारत के प्रमुख अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन रायसीना डायलॉग के वार्षिक आयोजन के लिए भी जाना जाता है.

विश्व के प्राचीनतम ज्ञान केंद्रों में से एक नालंदा विश्वविद्यालय में इस फोरम का आयोजन क्षेत्रीय विविधता, बौद्धिक विकेंद्रीकरण और समावेशी नीति विमर्श के प्रति साझा प्रतिबद्धता को दर्शाता है. यह इस विचार को सुदृढ़ करता है कि भारत की नीतिगत चर्चाएँ देश के विभिन्न क्षेत्रों और बौद्धिक परंपराओं से उभरनी चाहिए.

विश्वविद्यालय में आयोजित इंडिया थिंक टैंक फोरम 2026 का आठवाँ संस्करण "बदलते वैश्विक परिदृश्य में भारत: आंतरिक दृढ़ता का निर्माण" विषय पर केंद्रित है. इस फोरम का उद्देश्य वैश्विक परिवर्तनों और उनके प्रति भारत की प्रतिक्रियाओं पर गहन मंथन करते हुए विमर्श को ठोस एवं व्यवहारिक नीतिगत अंतर्दृष्टियों से जोड़ना है. दो दिवसीय फोरम में भू-राजनीति, अर्थव्यवस्था, सतत विकास, प्रौद्योगिकी और सामाजिक परिवर्तन पर केंद्रित सत्र आयोजित किए जाएंगे. इन सत्रों का उद्देश्य;

- आने वाले दशक की जटिलताओं के लिए भारत की नीतिगत और थिंक टैंक संरचनाओं की तैयारी का आकलन करना;
- विचारों के परस्पर आदान-प्रदान को प्रोत्साहित करना;
- घरेलू तैयारियों और वैश्विक परिवर्तनों के आपसी संबंधों का विश्लेषण करना; तथा
- रणनीतिक दृष्टि और नीति नवाचार में थिंक टैंकों की भूमिका को सशक्त करना है.

इस फोरम में देशभर के 75 थिंक टैंकों से 80 से अधिक प्रतिभागी भाग लेंगे. प्रमुख वक्ताओं एवं प्रतिभागियों में समीर सरन, अध्यक्ष, ORF; प्रो. सचिन चतुर्वेदी, कुलपति, नालंदा विश्वविद्यालय; हर्ष वी. पंत, उपाध्यक्ष, ORF; प्रदीप चौहान, महानिदेशक, नेशनल मैरीटाइम फ़ाउंडेशन; टी.पी. श्रीनिवासन, महानिदेशक, केरल इंटरनेशनल सेंटर; लवीश भंडारी, अध्यक्ष एवं वरिष्ठ फ़ेलो, सेंटर फ़ॉर सोशल एंड इकोनॉमिक प्रोग्रेस; डी. धनुराज, संस्थापक-अध्यक्ष, सेंटर फ़ॉर पब्लिक पॉलिसी रिसर्च; आर.पी.एस. भदौरिया, अतिरिक्त महानिदेशक, सेंटर फ़ॉर लैंड वारफेयर स्टडीज़; राउल वी. रोड्रिगेज, उपाध्यक्ष, वॉक्सन यूनिवर्सिटी; प्रियंका भिड़े, सह-संस्थापक, कुबर्नियन इनिशिएटिव; बिरेन नंदा, वरिष्ठ फ़ेलो, दिल्ली पॉलिसी ग्रुप; रुही नियोग, सुरक्षा एवं विदेश नीति विश्लेषक, इंस्टिट्यूट ऑफ पीस एंड कॉन्फ्लिक्ट स्टडीज़; तथा गुरु प्रकाश पासवान, विज़िटिंग फ़ेलो, इंडिया फ़ाउंडेशन शामिल हैं.

इस महत्वपूर्ण आयोजन के माध्यम से नालंदा विश्वविद्यालय नीति विमर्श को दिशा देने, सहयोगात्मक विचारों को और सशक्त करने और परिवर्तनशील वैश्विक परिदृश्य में भारत की भूमिका से जुड़े विचारों को आगे बढ़ाने को संकल्पित है.

# राजगीर में संत निरंकारी मंडल द्वारा भक्ति पर्व दिवस श्रद्धा और सेवा भाव से मनाया गया



राजगीर (अपना नालंदा)।संत निरंकारी मंडल की राजगीर शाखा द्वारा भक्ति पर्व दिवस श्रद्धा, भक्ति और सेवा भाव के साथ मनाया गया। इस अवसर पर आयोजित सत्संग में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए और आध्यात्मिक वचनों से लाभान्वित हुए।

भक्ति पर्व के अवसर पर राजीव महात्मा ने अपने प्रवचनों में कहा कि ब्रह्म ज्ञान की प्राप्ति के बाद जब भक्त और भगवान का हृदय से संबंध स्थापित हो जाता है, तभी वास्तविक भक्ति का आरंभ होता है। उन्होंने श्रद्धालुओं से उस मार्ग पर अग्रसर होने का आह्वान किया, जहां भक्त और भगवान का सच्चा मिलन संभव हो सके।

राजीव महात्मा ने कहा कि यदि ईश्वर की स्तुति किसी स्वार्थ या सांसारिक लाभ की पूर्ति के लिए की जाती है, तो वह सच्ची भक्ति नहीं कहलाती। सच्ची भक्ति निस्वार्थ भाव, प्रेम और समर्पण से ही संभव है। उन्होंने उपस्थित श्रद्धालुओं को जीवन में सेवा, सद्भाव और मानवता को अपनाने का संदेश दिया।इस अवसर पर विशेष लंगर का भी आयोजन किया गया, जिसमें सभी श्रद्धालुओं ने पंक्तिबद्ध होकर प्रसाद ग्रहण किया। लंगर सेवा के माध्यम से समानता और भाईचारे का संदेश दिया गया।

कार्यक्रम में ब्रांच मुखी रामविलास प्रसाद, सेवादल संचालक भीम चौधरी, सेवादल संचालिका अनिता कुमारी गुप्ता, लोक गायक सेवादल के जवान भोला महात्मा, कैशियर नंदू महात्मा, सेवादल के अरुण महात्मा, रमेश महात्मा, चंचला बहन, कविता बहन, मुकेश महात्मा, सिदेश्वर महात्मा, निर्मला बहन, शांति बहन, गायत्री बहन सहित सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित रहे।

भक्ति पर्व का यह आयोजन आध्यात्मिक चेतना, आपसी सद्भाव और सेवा भावना को मजबूत करने वाला सिद्ध हुआ।






# सरस्वती पूजा को लेकर चेरो ओपी में शांति समिति की बैठक, सौहार्दपूर्ण आयोजन की अपील

हरनौत (अपना नालंदा)।सरस्वती पूजा को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर रविवार को चेरो ओपी परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता ओपी प्रभारी राजेश कुमार पांडेय ने की।



बैठक में चेरो, खरूआरा, द्वारिका बिगहा, नेमचंदबाग मुसहरी, सेवदह, बिरजु-मिल्की, चखमिन्द, पेनीपुर, मोविनचक, मुसहरी, गोसाई बिगहा, नंदा बिगहा, बामोचक, तीरा, उखड़ा सहित अन्य गांवों में सरस्वती पूजा को शांतिपूर्ण तरीके से आयोजित कराने पर विस्तृत चर्चा की गई।

ओपी प्रभारी ने उपस्थित शांति समिति सदस्यों एवं जनप्रतिनिधियों से विधि-व्यवस्था बनाए रखने में प्रशासन को सहयोग करने की अपील की। उन्होंने डीजे पर पूर्ण प्रतिबंध, निर्धारित समय सीमा के भीतर प्रतिमा विसर्जन, असामाजिक तत्वों पर विशेष नजर रखने तथा किसी भी प्रकार की अफवाहों से बचने का आग्रह किया।

बैठक में स्थानीय जनप्रतिनिधि, पूजा समिति के सदस्य, गणमान्य नागरिकों के साथ-साथ डीजे संचालक भी उपस्थित थे।

# निजी विद्यालयों पर बढ़ते नियम-कानून से संकट

## नालंदा में भारतीय स्वतंत्र शिक्षण संघ की जिला स्तरीय बैठक सम्पन्न





संजय कुमार,बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। भारतीय स्वतंत्र शिक्षण संघ, नालंदा जिला शाखा की एक महत्वपूर्ण बैठक रविवार को भगवान बुद्ध हाई स्कूल, कल्याणपुर, बिहारशरीफ के सभागार में संपन्न हुई। इस बैठक में संगठन की जिला कार्यकारिणी के सदस्यों के साथ-साथ विभिन्न प्रखंड शाखाओं के पदाधिकारी एवं सक्रिय प्रतिनिधि बड़ी संख्या में शामिल हुए।

बैठक के दौरान ज्ञानदीप पोर्टल के माध्यम से आरटीई के अंतर्गत प्रथम कक्षा में निःशुल्क नामांकन, कई सत्रों से लंबित निजी विद्यालयों की प्रतिपूर्ति राशि का भुगतान, विद्यालयों की प्रस्वीकृति एवं नवीनीकरण, यू-डायस, संगठन की सदस्यता नवीनीकरण, ईएसआईसी सहित अन्य ज्वलंत समस्याओं पर गहन विचार-विमर्श किया गया।

गिरियक प्रखंड शाखा के अध्यक्ष प्रसिद्ध नारायण ने कहा कि सत्रबद्ध प्रतिपूर्ति राशि का समय पर भुगतान किया जाना चाहिए, अन्यथा निजी विद्यालयों को आरटीई नियमों से मुक्त किया जाए।

राजगीर प्रखंड सचिव राजन सिन्हा ने कहा कि प्रस्वीकृति एवं पुराने विद्यालयों का नवीनीकरण साधारण आर्थिक पृष्ठभूमि वाले निजी विद्यालयों के लिए शोषण का कारण बन गया है।

परवलपुर प्रखंड अध्यक्ष रुदल सिंह ने कहा कि निजी विद्यालयों की एकजुटता कई संगठनों की अधिकता के कारण कमजोर हुईहै। सभी को एक मंच पर आकर सरकार और शिक्षा विभाग के समक्ष अपनी बात मजबूती से रखने की आवश्यकता है।

पश्चिमी जोन, बिहारशरीफ के सचिव स्मित बब्बर ने कहा कि शिक्षा विभाग की नीतियों के गलत क्रियान्वयन के कारण छोटे निजी विद्यालय लगातार बंद हो रहे हैं। यदि यही स्थिति बनी रही, तो नालंदा सहित पूरे राज्य में साधारण आर्थिक पृष्ठभूमि वाले अधिकांश निजी विद्यालय समाप्त हो जाएंगे।

संगठन के संयुक्त सचिव अमित कुमार ने कहा कि ईएसआईसी का बढ़ता प्रभाव छोटे निजी विद्यालयों को आर्थिक रूप से तोड़ रहा है, क्योंकि अधिकांश शिक्षक मानदेय पर कार्यकरते हैं। विद्यालयों की आय पूरी तरह अभिभावकों पर निर्भर है, जबकि सरकारी सहयोग के नाम पर केवल आदेश और प्रमाण पत्र मिलते हैं।

जिलाध्यक्ष मो. जाहिद अनवर ने सरकार से अपेक्षा जताई कि निजी विद्यालयों की मजबूरी को समझते हुए व्यवहारिक नियम बनाए जाएं और समयबद्ध अनुपालन सुनिश्चित किया जाए।

संगठन के संरक्षक अरुण कुमार सिंह ने कहा कि विभिन्न पोर्टलों का बोझ निजी विद्यालयों के संचालन को कठिन बना रहा है। यदि सरकार को आंकड़ों की आवश्यकता है, तो प्रत्येक निजी विद्यालय में अपने खर्च पर कर्मचारी नियुक्त करे।

विंद प्रखंड अध्यक्ष राजीव कुमार ने व्यंग्यात्मक लहजे में कहा कि पहले घोड़े को चाबुक से दौड़ाया जाता था, अब ई-रिक्शा का जमाना है, लेकिन सरकारी महकमा आज भी निजी विद्यालयों से जबरन अवांछित कार्य करवा रहा है।

नगरनौसा प्रखंड प्रतिनिधि संजय कुमार ने कहा कि शिक्षा विभाग बिना प्रशिक्षण या कार्यशाला के नए-नए आदेश जारी कर देता है।

जिला सचिव रंजीत कुमार ने ज्ञानदीप पोर्टल के माध्यम से निःशुल्क नामांकन प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी और सभी निजी विद्यालयों से अपने क्षेत्र में प्रचार-प्रसार करने की अपील की।

संगठन की संरक्षिका श्रीमती रेखा भारती ने कहा कि ज्ञानदीप पोर्टल लागू होने के बाद ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चे आरटीई के लाभ से वंचित हो रहे हैं, क्योंकि वहां निजी विद्यालयों का अभाव है।

रहुई प्रखंड अध्यक्ष तरुण कुमार सोनी ने कहा कि निजी विद्यालय संचालकों के पास कोई आर्थिक सुरक्षा नहीं है और सरकारी विद्यालयों के कारण बकाया शुल्क की समस्या और बढ़ गई है।

पूर्वी जोन, बिहारशरीफ के सचिव अमित कुमार ने संगठन को मजबूत करने पर जोर देते हुए कहा कि एकजुटता ही समस्याओं के समाधान का मूल मंत्र है।

दक्षिणी जोन सचिव नरेश प्रसाद एवं पश्चिमी जोन अध्यक्ष दीनदयाल सिंह ने कहा कि संगठन के नेतृत्वकर्ता भारत मानस के मार्गदर्शन में निजी विद्यालयों को निरंतर सहयोग मिल रहा है।सभा के समापन पर संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह कार्य प्रभारी, नालंदा भारत मानस ने कहा कि निजी विद्यालयों की समस्याओं को नासूर बनने से पहले इलाज करना जरूरी है, जो केवल एकीकृत संगठन से संभव है। उन्होंने बताया कि 14 जनवरी को अपर मुख्य सचिव, शिक्षा विभाग के साथ बिहार राज्य के विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों की बैठक प्रस्तावित है।

उन्होंने सरकार से निजी विद्यालय आयोग के शीघ्र गठन की मांग करते हुए कहा कि राज्य की शिक्षा व्यवस्था में निजी विद्यालयों की भूमिका को सम्मान दिया जाना चाहिए।

इस अवसर पर अजय कुमार, करण राज, रितेश रंजन यादव, विवेकानंद कुमार, रामवीर कुमार, राजू कुमार, सचिन कुमार, आशीष कुमार, संजीव कुमार, विश्वनाथ पंडित, दीपक कुमार, सुनील कुमार, सौरभ रंजन, जितेंद्र कुमार, मेंकर नयन, सुजीत कुमार, सतीश कुमार सिंह, निलेश कुमार, चंद्रभूषण प्रसाद, ओमप्रकाश, टिंकू कुमार पाठक, संतोष कुमार भारती, अंशु राज, विजय कुमार सहित सैकड़ों विद्यालय प्रतिनिधियों ने भाग लेकर सभा को सफल बनाया।

# बकाया राशि मांगने पर मारपीट, महिला से मंगलसूत्र छीना, तीन पर प्राथमिकी दर्ज

थरथरी (अपना नालंदा)।थाना क्षेत्र के छोटी छरियारी गांव में शनिवार की देर शाम बकाया राशि की मांग करने पर हुए विवाद में मारपीट की घटना सामने आई है। इस मामले में पीड़ित के आवेदन पर तीन लोगों के खिलाफ थरथरी थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई है।पीड़ित सुनील साव ने थाने में दिए आवेदन में बताया कि उसने गांव के ही अंकित कुमार से बकाया पैसे की मांग की थी। इसी बात को लेकर अंकित कुमार अपने सहयोगियों पप्पू राउत और लवकुश राउत के साथ उसके घर पहुंचा और गाली-गलौज करने लगा। जब इसका विरोध किया गया तो आरोपियों ने उसके साथ मारपीट की।पीड़ित ने बताया कि मारपीट की घटना के दौरान जब उसका भाई की पत्नी बीच-बचाव करने आई, तो आरोपियों ने उसके साथ भी मारपीट कर उसे जख्मी कर दिया तथा उसके गले से पहना हुआ मंगलसूत्र छीन लिया। घटना के बाद पीड़ित परिवार में दहशत का माहौल है।इस संबंध में थानाध्यक्ष संजय कुमार ने बताया कि बकाया राशि मांगने के मामले में हुई मारपीट को लेकर तीन नामजद आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और दोषियों के विरुद्ध विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी। पुलिस का कहना है कि जांच के दौरान प्राप्त साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# हरनौत थाना में अपराधियों की गुंडा परेड, एसपी के निर्देश पर हुई कार्रवाई

हरनौत (अपना नालंदा)।विधि-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने एवं आपराधिक गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक भारत सोनी के निर्देश पर हरनौत अंचल के विभिन्न थाना परिसरों में रविवार को गुंडा परेड का आयोजन किया गया।

इस दौरान थाना क्षेत्र के चिन्हित गुंडा, बदमाश एवं आपराधिक प्रवृत्ति के व्यक्तियों को थाना परिसर में उपस्थित होने का निर्देश दिया गया। परेड के क्रम में थानाध्यक्ष द्वारा सभी सूचीबद्ध व्यक्तियों की पहचान, पते का सत्यापन एवं उनकी वर्तमान गतिविधियों की जानकारी ली गई।

पुलिस की ओर से सभी को सख्त चेतावनी दीगई कि भविष्य में किसी भी प्रकार की आपराधिक गतिविधि में संलिप्त पाए जाने पर उनके विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। गुंडा परेड के माध्यम से असामाजिक तत्वों में भय एवं आम नागरिकों में सुरक्षा की भावना बनाए रखने का प्रयास किया गया।

वहीं हरनौत थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर मुकेश कुमार वर्मा ने बताया कि थाना के गुंडा पंजी में दर्ज 22 व्यक्तियों में से छह से अधिक संदिग्ध गतिविधियों में लिप्त लोगों की परेड कराई गई। सभी को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि अपराध में संलिप्तता की स्थिति में किसी भी प्रकार की रियायत नहीं दी जाएगी।

# वैरा गांव में बिहार पीड़ित मुआवजा योजना पर विधिक जागरूकता शिविर आयोजित



बिहारशरीफ (अपना नालंदा)।इस्लामपुर प्रखंड के खुदागंज थाना क्षेत्र अंतर्गत वैरा गांव स्थित सामुदायिक भवन में बिहार पीड़ित मुआवजा योजना-2014 विषय पर एक विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार के निर्देशन में तथा नालंदा जिला विधिक सेवा प्राधिकार और अनुमंडलीय विधिक सेवा समिति, हिलसा के संयुक्त आदेश पर आयोजित हुआ।

शिविर का संचालन पैनल अधिवक्ता विजय कुमार एवं हिलसा विधिक सहायता केंद्र व खुदागंज थाना में प्रतिनियुक्त पीएलवी आलोक कुमार के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में पीएलवी आलोक कुमार ने जिला विधिक सेवा प्राधिकार के गठन, उद्देश्य और निःशुल्क विधिक सहायता सुविधाओं की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आम लोग अपनी कानूनी समस्याओं के समाधान के लिए विधिक सेवा प्राधिकार से निःशुल्क सहायता प्राप्त कर सकते हैं।

पैनल अधिवक्ता विजय कुमार ने बिहार पीड़ित मुआवजा योजना-2014 की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि यह योजना सीआरपीसी की धारा 357ए के तहत लागू है, जिसका उद्देश्य अपराध पीड़ितों एवं उनके आश्रितों को आर्थिक सहायता प्रदान करना है। उन्होंने बताया कि एसिड अटैक एवं बलात्कार जैसी घटनाओं की शिकार महिलाओं को 2018-19 के संशोधन के बाद 3 से 7 लाख रुपये तक की सहायता दी जाती है। यदि किसी पीड़िता का चेहरा 80 प्रतिशत से अधिक क्षतिग्रस्त हो गया हो, तो उसे आजीवन प्रतिमाह 10 हजार रुपये की सहायता का प्रावधान है।उन्होंने बताया कि मुआवजा राशि सीधे लाभार्थी के बैंक खाते में भेजी जाती है, जबकि इलाज का खर्च मुख्यमंत्री चिकित्सा सहायता कोष से सीधे अस्पताल को भुगतान किया जाता है। मुआवजे के लिए एफआईआर, मेडिकल रिपोर्ट, पहचान पत्र, बैंक खाता विवरण सहित आवश्यक दस्तावेज जमा करने होते हैं।

कार्यक्रम के अंत में पीएलवी आलोक कुमार ने आगामी 14 मार्च 2026 को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक सुलहनीय मामलों के निपटारे की अपील की। इस अवसर पर बड़ी संख्या में महिला एवं पुरुष ग्रामीण उपस्थित रहे।

# जी राम जी योजना को गांव-घर तक पहुंचाएंगे भाजपा कार्यकर्ता: राजेश कुमार



बिहारशरीफ (अपना नालंदा)।भारतीय जनता पार्टी नालंदा जिला अध्यक्ष राजेश कुमार के नेतृत्व में रविवार को भाजपा जिला कार्यालय में VB-GRAMG (जी राम जी) योजना को लेकर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा के पूर्व जिला प्रभारी नवीन केसरी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री वीरेंद्र गोप ने किया, जबकि जी राम जी के जिला संयोजक अरविंद पटेल भी मौजूद रहे।

कार्यशाला में जी राम जी योजना को जन-जन तक पहुंचाने, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मासिक कार्यक्रम "मन की बात" को बूथ स्तर पर सामूहिक रूप से सुनने तथा आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों पर विस्तार से चर्चा की गई। यह निर्णय लिया गया कि चौपालों के माध्यम से प्रत्येक गांव में योजना की विशेषताओं से लोगों को अवगत कराया जाएगा।जिला अध्यक्ष राजेश कुमार ने कहा कि "विकसित भारत" के निर्माण में जी राम जी योजना की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। भाजपा कार्यकर्ता मंडल स्तर पर कार्यशालाएं कर प्रत्येक घर तक जाकर योजना की जानकारी देंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि मनरेगा के स्थान पर जी राम जी नाम आने से विपक्ष परेशान है। साथ ही "मन की बात" के प्रसारण को बूथों पर स्थानीय लोगों के साथ बैठकर सुनने पर विशेष जोर दिया गया।

मुख्य अतिथि नवीन केसरी ने कहा कि विकसित भारत ग्रामीण रोजगार आजीविका मिशन (जी राम जी) मनरेगा का नया स्वरूप है, जिसमें अब श्रमिकों को 100 दिनों के बजाय 125 दिनों के रोजगार की गारंटी तथा साप्ताहिक भुगतान का प्रावधान है। उन्होंने इसे ग्रामीण विकास के लिए अधिक प्रभावी बताया और कार्यकर्ताओं से इसे व्यापक जनसमर्थन दिलाने का आह्वान किया।

कार्यशाला में कार्यसमिति सदस्य, मोर्चा अध्यक्ष, जिला पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# पटना में भव्य हुआ 'मगध पुत्र' का ट्रेलर लॉन्च, पवन सिंह ने की गुंजन सिंह की जमकर तारीफ़



पटना (अपना नालंदा)।भोजपुरी सिनेमा की बहुप्रतीक्षित फिल्म "मगध पुत्र" का ट्रेलर लॉन्च समारोह आज होटल पनाश बैंक्वेट, दानापुर, पटना में भव्य रूप से आयोजित किया गया। इस खास मौके पर पावर स्टार पवन सिंह की मौजूदगी ने कार्यक्रम को और भी खास बना दिया। ट्रेलर लॉन्च के बाद मौजूद दर्शकों और मीडिया में फिल्म को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम में पवन सिंह ने फिल्म और इसके नायक गुंजन सिंह की खुलकर सराहना की और कहा कि मगध पुत्र जैसी फिल्में भोजपुरी सिनेमा की पहचान को मजबूत करती हैं। वहीं गुंजन सिंह ने इसे अपने करियर की अहम फिल्म बताते हुए दर्शकों से समर्थन की अपील की।

पावर स्टार पवन सिंह ने ट्रेलर लॉन्च के दौरान कहा कि "फिल्म 'मगध पुत्र' का ट्रेलर बेहद प्रभावशाली है और इसमें बिहार की मिट्टी, इतिहास और स्वाभिमान की खुशबू महसूस होती है। गुंजन सिंह न सिर्फ़ एक बेहतरीन गायक हैं, बल्कि एक प्रतिभाशाली अभिनेता भी हैं। उन्होंने अपने अभिनय से लगातार दर्शकों का दिल जीता है। मुझे पूरा विश्वास है कि 'मगध पुत्र' दर्शकों को पसंद आएगी और यह फिल्म भोजपुरी सिनेमा को एक नई ऊँचाई देगी। पूरी टीम को मेरी ओर से ढेरों शुभकामनाएँ।"

स्टाइलिश स्टार गुंजन सिंह ने कहा कि "पवन सिंह जैसे बड़े स्टार की मौजूदगी और उनका आशीर्वाद मेरे लिए बहुत मायने रखता है। 'मगध पुत्र' मेरे दिल के बेहद क़रीब है क्योंकि यह फिल्म सिर्फ़ मनोरंजन नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति, इतिहास और संघर्ष की कहानी कहती है। इस फिल्म के लिए पूरी टीम ने ईमानदारी और जुनून के साथ काम किया है। मुझे उम्मीद है कि दर्शक इसे उतने ही प्यार से अपनाएंगे, जितनी मेहनत हमने इसमें की है।"

गुंजन सिंह एंटरटेनमेंट के बैनर तले बनी इस फिल्म के निर्माता दिनेश कुमार मंडल हैं, जबकि निर्देशन की कमान अरविन्द चौबे ने संभाली है। फिल्म की कहानी नन्हे पाण्डेय ने लिखी है, जो इतिहास और सामाजिक सरोकारों से जुड़ी हुई है।

छायांकन सत्यप्रकाश अन्ना, कार्यकारी निर्माता रंजीत सिंह, परिकल्पना राकेश सिंह (माल) और संगीत विक्की बक्स, आर्या शर्मा, रौशन सिंह, विश्वास व गौरम रौशन ने दिया है। गीतों को अमन अलबेला, शौरभ शोलंकी और विक्की रौशन ने शब्दों में पिरोया है।

# नव वर्ष पर छात्र जदयू नेता राजेश कुमार ने डॉ. जितेंद्र से लिया आशीर्वाद



पटना (अपना नालंदा)। छात्र जनता दल (यू) पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय, नालंदा के पूर्व विश्वविद्यालय अध्यक्ष राजेश कुमार ने नव वर्ष के शुभ अवसर पर पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय, पटना के पूर्व कुलसचिव डॉ. जितेंद्र कुमार से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान उन्होंने डॉ. जितेंद्र कुमार को नव वर्ष की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं तथा उनका आशीर्वाद प्राप्त किया।

भेंट के दौरान राजेश कुमार ने कहा कि डॉ. जितेंद्र कुमार स्वभाव से सरल, विनम्र एवं अत्यंत कर्मठ व्यक्तित्व के धनी हैं। उनके कुलसचिव कार्यकाल के दौरान पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय में छात्र हित, कॉलेज प्रशासन तथा शैक्षणिक व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए कई ऐतिहासिक और सराहनीय पहल की गईं। इन निर्णयों और कार्यों ने न केवल छात्रों को लाभ पहुंचाया, बल्कि शिक्षकों और कर्मचारियों के बीच भी सकारात्मक संदेश दिया।

राजेश कुमार ने आगे कहा कि डॉ. जितेंद्र कुमार के नेतृत्व में विश्वविद्यालय प्रशासन अधिक पारदर्शी और उत्तरदायी बना, जिससे शैक्षणिक वातावरण में सुधार हुआ। उन्होंने कहा कि ऐसे अनुभवी और दूरदर्शी प्रशासनिक अधिकारी से मिलना उनके लिए प्रेरणादायक रहा और वे स्वयं को गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं।

इस अवसर पर राजेश कुमार ने ईश्वर से कामना की कि डॉ. जितेंद्र कुमार सदैव स्वस्थ रहें, दीर्घायु हों और समाज व शिक्षा के क्षेत्र में अपने अनुभव से निरंतर मार्गदर्शन देते रहें। नव वर्ष के अवसर पर यह भेंट सौहार्द और सम्मान का प्रतीक बनी।

# चिराग पासवान का कांग्रेस पर हमला, मनरेगा सुधार और एनडीए मजबूती का दावा




सुजीत कुमार,पटना (अपना नालंदा)। 01 व्हीलर रोड स्थित लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के प्रदेश कार्यालय में रविवार को आयोजित प्रेस वार्ता को पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान ने संबोधित किया। इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित पत्रकारों और बिहार की जनता को नववर्ष की शुभकामनाएं देते हुए नए साल के बेहतर और खुशहाल होने की कामना की।चिराग पासवान ने कांग्रेस पर तीखा हमला करते हुए कहा कि पार्टी और उसके नेता राहुल गांधी ने बीते वर्षों में भ्रम और डर की राजनीति की है। उन्होंने आरोप लगाया कि नागरिकता, आरक्षण और सीएए जैसे मुद्दों पर जनता को गुमराह करने का प्रयास किया गया, जबकि वास्तविकता इससे अलग है। उन्होंने स्पष्ट किया कि मतदाता सूची का पुनरीक्षण एक नियमित और आवश्यक प्रक्रिया है, जिसे अनावश्यक रूप से विवादित बनाया गया।मनरेगा को लेकर चिराग पासवान ने कहा कि यह योजना वर्षों तक भ्रष्टाचार का अड्डा बनी रही। अब नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने इसमें सुधार कर नई योजना "जी राम जी" के रूप में इसे अधिक पारदर्शी और प्रभावी बनाया है। उन्होंने कहा कि तकनीक, बायोमेट्रिक और मॉनिटरिंग से लीकेज रोकी जाएगी और ग्रामीण क्षेत्रों में इंफ्रास्ट्रक्चर विकास को बढ़ावा मिलेगा। महिलाओं को सशक्त बनाने की योजनाओं का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि आर्थिक सहायता से महिलाएं उद्यमी बनकर रोजगार सृजन कर रही हैं। अंत में उन्होंने विश्वास जताया कि एनडीए का जनाधार लगातार मजबूत हो रहा है और आने वाले चुनावों में इसका लाभ मिलेगा। प्रेस वार्ता में बिहार सरकार के मंत्री, सांसद, विधायक और पार्टी के कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे।

# बेगूसराय में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी का प्रवास, कार्यकर्ताओं में जोश





सुजीत कुमार,पटना (अपना नालंदा)।बिहार भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी रविवार को अपने प्रवास कार्यक्रम के तहत बेगूसराय पहुंचे, जहां कार्यकर्ताओं ने उनका भव्य स्वागत किया। प्रवास के दौरान वे सिंघौल में आयोजित अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के पुरातन कार्यकर्ता समागम सह अभिनंदन समारोह में शामिल हुए। समारोह को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि उनके सार्वजनिक जीवन के निर्माण में एबीवीपी की निर्णायक भूमिका रही है। उन्होंने गर्व के साथ कहा कि भाजपा की आज की मजबूत स्थिति के पीछे एबीवीपी से निकले कार्यकर्ताओं का बड़ा योगदान है।

प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि एबीवीपी ने राष्ट्रहित से जुड़े जिन मुद्दों को वर्षों पहले उठाया, वे आज राष्ट्रीय विमर्श का हिस्सा हैं। जम्मू-कश्मीर से धारा 370 हटने और अयोध्या में श्रीराम मंदिर निर्माण का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि ये निर्णय राष्ट्रवादी संकल्पों की परिणति हैं। उन्होंने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भारत को "परम वैभव" ... हैं।

इसके बाद संजय सरावगी बेगूसराय प्रेक्षागृह पहुंचे, जहां भाजपा कार्यकर्ता सम्मान सम्मेलन में उन्होंने समर्पित कार्यकर्ताओं का अभिनंदन किया। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव में एनडीए की जीत कार्यकर्ताओं के अनुशासन, समर्पण और जनता के विश्वास का परिणाम है। भाजपा की राजनीति सेवा और सुशासन पर आधारित है और डबल इंजन सरकार में बिहार विकास की नई ऊंचाइयों को छुएगा।

इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह, विधायक कुंदन कुमार, प्रदेश महामंत्री लाजवंती झा और प्रदेश प्रवक्ता नीरज कुमार सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। इससे पहले संजय सरावगी ने राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया और कहा कि बेगूसराय के कण-कण में दिनकर जी का राष्ट्रप्रेम जीवंत है। प्रवास के दौरान वे एक कार्यकर्ता के घर विश्राम एवं भोजन करेंगे तथा सोमवार को मां काली मंदिर में पूजा-अर्चना करेंगे।

# पटना में हुंडई औरा प्राइम लॉन्च, किफायती कीमत और शानदार फीचर्स आकर्षण

सुजीत कुमार,पटना (अपना नालंदा)। राजधानी पटना में रविवार को अटल पथ स्थित राजीव नगर के समीप विनय हुंडई शोरूम में नई औराआ प्राइम कार का भव्य लॉन्च किया गया। कार्यक्रम का आयोजन उत्साहपूर्ण माहौल में हुआ, जिसमें कंपनी के कई वरिष्ठ पदाधिकारी, डीलरशिप से जुड़े अधिकारी, टीम लीडर और गणमान्य लोग मौजूद रहे।लॉन्चिंग कार्यक्रम के दौरान आरएम हुंडई अजय तिवारी, डायरेक्टर निशांत सिंह, सीओ दिलीप झा, जेनरल मैनेजर अभिषेक सिंह, टीम लीडर बलराम चौधरी सहित अन्य टीम लीडरों की गरिमामयी उपस्थिति रही। सभी अतिथियों ने संयुक्त रूप से वाहन का अनावरण किया।मीडिया से बातचीत करते हुए जेनरल मैनेजर अभिषेक सिंह ने बताया कि औराआ प्राइम को खासतौर पर कमर्शियल उपयोग को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है। यह कार किफायती कीमत में उपलब्ध है, जिसकी शुरुआती एक्स-शोरूम कीमत 6 लाख 89



हजार रुपये रखी गई है। उन्होंने बताया कि यह वाहन बेहतर माइलेज, मजबूत सेफ्टी फीचर्स और आधुनिक तकनीक से लैस है।इस कार में 1200 सीसी कप्पा इंजन दिया गया है, जो 4 सिलेंडर सीएनजी मोड के साथ आता है। सेफ्टी की दृष्टि से इसमें बेस मॉडल से ही 6 एयरबैग उपलब्ध हैं। सुरक्षा मानकों पर इसे 4-स्टार सेफ्टी रेटिंग प्राप्त है। सीएनजी वेरिएंट में कुल 5 विकल्प उपलब्ध हैं।

इसके अलावा, गाड़ी में इनबिल्ट स्पीकर सहित कई आधुनिक सुविधाएं दी गई हैं। कंपनी के अनुसार, Hyundai Motor India की यह नई पेशकश मध्यम वर्ग और कमर्शियल ग्राहकों के लिए एक बेहतर विकल्प साबित होगी।

# पटना में HIPCON 2026 जारी, हिप रिप्लेसमेंट की जटिल चुनौतियों पर राष्ट्रीय मंथन

सुजीत कुमार,पटना(अपना नालंदा)। जीवनदान हेल्थ, पटना के इंस्टीट्यूट ऑफ ऑर्थोपेडिक सर्जरी द्वारा आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन HIPCON 2026 आज दूसरे दिन भी पूरे शैक्षणिक उत्साह और ऊर्जा के साथ जारी रहा। यह प्रतिष्ठित सम्मेलन 10 और 11 जनवरी 2026 को पटना के होटल चाणक्य में आयोजित किया जा रहा है। सम्मेलन का आयोजन बिहार ऑर्थोपेडिक एसोसिएशन के सहयोग से किया गया है।

HIPCON 2026 का मुख्य विषय "कॉम्प्लेक्स प्राइमरी से रिवीजन तक – हिप आर्थोप्लास्टी की हर चुनौती में दक्षता" रखा गया है। इस विषय के अंतर्गत देशभर से आए वरिष्ठ ऑर्थोपेडिक एवं जॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जन हिप रिप्लेसमेंट सर्जरी से जुड़ी जटिल समस्याओं, नवीन तकनीकों और व्यावहारिक समाधान पर गहन मंथन कर रहे हैं।

सशक्त आयोजन समिति की अहम भूमिका

HIPCON 2026 को सफल बनाने में आयोजन समिति की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। सम्मेलन की साइंटिफिक कमेटी के चेयरमैन डॉ. जॉन मुखोपाध्याय एवं डॉ. रंजीत कुमार सिंह हैं। बिहार ऑर्थोपेडिक एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. उपेन्द्र प्रसाद, सचिव डॉ. प्रवीण कुमार साहू तथा प्रेसिडेंट इलेक्ट डॉ. अमूल्य कुमार सिंह ने आयोजन को दिशा प्रदान की। आयोजन अध्यक्ष डॉ. राजीव आनंद, आयोजन सचिव डॉ. अश्विनी गौरव और रिसेप्शन कमेटी के डॉ. विकास कुमार के नेतृत्व में सम्मेलन का सफल संचालन किया जा रहा है।

दूसरे दिन भी उच्च स्तरीय शैक्षणिक सत्र

सम्मेलन के दूसरे दिन हिप रिप्लेसमेंट सर्जरी से जुड़े कई जटिल और चुनौतीपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। सत्रों में हिप स्टेबिलिटी, ड्यूल मोबिलिटी हिप्स, रिवीजन हिप प्लानिंग, एसीटैब्युलर फ्रैक्चर के बाद टोटल हिप आर्थ्रोप्लास्टी (THA), पेरिप्रोस्थेटिक फ्रैक्चर, प्रोस्थेटिक जॉइंट इंफेक्शन (PJI), बोन लॉस क्लासिफिकेशन, सीटी आधारित प्लानिंग, थ्री-डी मॉडलिंग और कस्टमाइज्ड इम्प्लांट्स जैसे विषय शामिल रहे। विशेषज्ञों ने अपने अनुभव साझा करते



हुए जटिल मामलों के व्यावहारिक समाधान बताए।

राष्ट्रीय स्तर की फैकल्टी की प्रभावशाली भागीदारीदिल्ली, बेंगलुरु, भुवनेश्वर, कानपुर सहित देश के विभिन्न शहरों से आए प्रतिष्ठित ऑर्थोपेडिक सर्जनों ने सम्मेलन को संबोधित किया। वरिष्ठ विशेषज्ञों के व्याख्यान और पैनल चर्चाएं युवा सर्जनों एवं पोस्ट-ग्रेजुएट छात्रों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध हुईं। अनुभव आधारित चर्चाओं ने प्रतिभागियों को हिप आर्थ्रोप्लास्टी की जटिलताओं को बेहतर ढंग से समझने में सहायता प्रदान की।

केस-बेस्ड डिस्कशन और वर्कशॉप बना आकर्षण

HIPCON 2026 की विशेषता यह रही कि सम्मेलन को पूरी तरह केस-बेस्ड और इंटरएक्टिव रखा गया। लाइव केस प्रेजेंटेशन, वीडियो डेमोंस्ट्रेशन और मास्टर पैनल डिस्कशन को प्रतिभागियों से भरपूर सराहना मिली। साथ ही एसीटैब्युलर ऑगमेंट्स एवं रीकंस्ट्रक्शन तकनीकों पर आधारित विशेष वर्कशॉप भी आयोजित की गई, जिसमें आधुनिक इम्प्लांट सिस्टम और नवीन सर्जिकल तकनीकों का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया।आयोजन सचिव का वक्तव्य

आयोजन सचिव डॉ. अश्विनी गौरव ने कहा कि HIPCON 2026 में देशभर के वरिष्ठ विशेषज्ञों की सहभागिता यह दर्शाती है कि यह सम्मेलन शैक्षणिक दृष्टि से अत्यंत सफल है। दूसरे दिन के सत्र विशेष रूप से रिवीजन हिप आर्थ्रोप्लास्टी की जटिल चुनौतियों पर केंद्रित रहे, जिससे प्रतिभागियों को अपने क्लिनिकल अभ्यास में प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा।

पटना बना राष्ट्रीय ऑर्थोपेडिक शिक्षा का केंद्रHIPCON 2026 के आयोजन के साथ ही पटना इन दिनों राष्ट्रीय स्तर पर ऑर्थोपेडिक शिक्षा और जॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जरी का प्रमुख केंद्र बन गया है।